# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## सत्र (2019–20)
## पुनरावृत्ति पत्रिका
## साप्ताहिक परीक्षा – 2

**कक्षाः तीसरी** **विषयः हिंदी**

**उपविषयः–** पाठ – 7 गरज के साथी, पाठ–8 ऐसे थे बापू, पाठ–9 कुसंगति से बचो,, पाठ–11 चाँद का हठ (कविता) व्याकरण – विशेषण, पर्यायवाची शब्द, क्रिया, मुहावरे, रचनात्मक लेख (चित्र वर्णन), अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश

**प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

एक लड़का था जिसका नाम देव था। देव का एक प्रिय मित्र था। जिसका नाम शाम था। वह देव की कक्षा में पढ़ता था। वे दोनों अधिक समय साथ बिताते थे। दोनों की पसंद एक जैसी थी। दोनों को पुस्तकें पढ़ना पसंद था। कभी–कभी कुछ अच्छी कार्टून फिल्में वे एक साथ बैठकर देखते थे। शाम बहुत हँसमुख था। वह कक्षा में हमेशा प्रथम आता था। देव को अपने मित्र पर गर्व था। वह अपने मित्र की हर बात मानता था। उसका मित्र शाम उसे अच्छी बातें सिखाता था। वे दोनों एक दूसरे से अपने मन की बातें करते थे। उनके माता–पिता भी उन्हें पसंद करते थे। वे एक साथ घूमने जाते थे। उन दोनों का घर पास–पास था। शाम अपने मित्र देव के घर खेलने जाता था।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. देव के मित्र का क्या नाम था?
2. दोनों मित्रों को क्या पढ़ना पसंद था?

**ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

1) वे एक साथ बैठकर क्या देखते थे?

क) डरावनी फिल्में ख) कार्टून फिल्में

2) शाम कक्षा में क्या आता था?

क) प्रथम ख) अंतिम

**ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–**

1. मित्र – दोस्त, शत्रु
2. पुस्तक – चलचित्र, किताब

**घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए–**

1. शाम देव की कक्षा में पढ़ता था। ( )
2. देव का मित्र बहुत गुस्से वाला था। ( )

प्र02 **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

बापू के जीवन से जुड़ी एक अन्य घटना सेवाग्राम की है। उस दिन बापू का जन्मदिन था। आश्रम में बापू का जन्मदिन बड़ी ही सादगी से मनाया जाता था। गाँधी जी विशेष रूप से बनाए गए मंच पर संध्या–पूजन के लिए बैठे। उन्होंने देखा, एक दीया जल रहा है। उन्होंने आँखें बंद कर लीं और प्रार्थना में लीन हो गए। प्रार्थना–सभा समाप्त होते ही गाँधीजी ने पूछा– ''दीया किसने जलाया है?''

क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. गाँधीजी संध्या–पूजन के लिए कहाँ बैठे और उन्होंने क्या देखा?
2. गाँधीजी ने क्या बंद कर लीं और किसमें लीन हो गए?

ख) **सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–**

1) उस दिन बापू का जन्मदिन था। ( )

प्र03 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

क) पेंसिल के साथ क्या जुड़ा हुआ था?

ख) कस्तूरबा गाँधी ने आश्रम में घी का दीया क्यों जलाया?

ग) शेर को चूहे से मुक्ति पाने का क्या उपाय सूझा?

घ) बटेर और कौए का स्वभाव कैसा था?

प्र04 **निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

क) किसी जंगल में जानवरों के .......................... शेर की .......................... थी।

ख) 'बा' जीवनभर उनकी दी हुई इस .......................... को कभी नहीं भूली।

ग) चलो दही की .......................... उड़ाएँगे।

घ) आदमी के सिर पर रखे मटके में .......................... था।

प्र05 **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

क) फुर्तीला ख) शिक्षा ग) चालाक घ) क्रोध

प्र06 **सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

1) शेर ने किसे मूर्ख बनाया?

क) बिल्ली ख) भालू ग) सियार

2) गाँधीजी को पेंसिल किसने दी थी?

क) महिला ख) युवक ग) बालक

प्र07 **निम्नलिखित वाक्य किसने कहे–**

1. ''चोरी करोगे, तो दंड मिलेगा।''
2. ''अरे देखो! दही का मटका।''

3. ''दीया किसने जलाया है?''

4. ''मुफ्त का भोजन खा–खाकर बहुत मोटी हो गई हो।''

**प्र08 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

जाड़े की तो बात ठीक है,

..................................................... ।

एक नाप में कभी नहीं,

..................................................... ।

**प्र09 कोष्ठक में दिए शब्द का पर्यायवाची लिखकर रिक्त स्थान भरिए–**

क) ............................ महल में बैठा है। (नृप)

ख) ............................ के तट पर बच्चे खेल रहे हैं। (समुद्र)

ग) ............................ हमें फल देते हैं (तरु)

**प्र010 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

क) <u>प्रभु</u> कहो या ............................ एक ही बात है।

ख) <u>महादेव</u> को ............................ भी कहते हैं।

ग) <u>साँप</u> का पर्यायवाची ............................ है।

**प्र011 कोष्ठक में से सही क्रिया शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

क) रिया ने दूध ............................। (पिया / खाया)

ख) रोहन साफ़ ............................ है। (लिखता / लिखो)

ग) राधा ने सही उत्तर ............................। (पिया / दिया)

**प्र012 निम्नलिखित वाक्य उचित क्रिया शब्द लिखकर पूरे कीजिए–**

क) दादा जी अख़बार ............................ रहे हैं।

ख) मोहन ने लाल कमीज़ ............................ ।

ग) पिता जी उपहार ............................ ।

**प्र013 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण शब्द भरिए–**

क) ............................ आदमी जा रहा है।

ख) ............................ बच्चे खेल रहे हैं।

ग) मेरा विद्यालय ............................ है।

**प्र014 कोष्ठक में से सही विशेषण शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

क) मेरे घर में ............................ कमरे हैं। (चार / कड़वे)

ख) अंगूर ............................ हैं। (कड़वे / खट्टे)

ग) पेड़ पर ............................ कोयल बैठी है। (काली / मीठे)

**प्र015 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ–**

क) नाक में दम करना– ख) दाल न गलना–

ग) ईद का चाँद होना– घ) दाँत खट्टे करना–

**प्र016 कोष्ठक में से सही मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

क) रोहन आजकल ............................ हो गया है, दिखाई नहीं देता। (ईद का चाँद होना / दाल न गलना)

ख) मेरा कुत्ता ............................ करता है। (हवा से बातें करना / पीठ थपथपाना)

ग) राज के परीक्षा में अच्छे अंक आने पर माँ ने उसकी ............................ (लाल पीला होना / पीठ थपथपाना)

**प्र017 निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए–**

**(शब्द सीमा 60–70)**

संकेत बिंदुः– बगीचा, पिकनिक, माता–पिता, बच्चे, फल, बोतल, पानी, टोकरी, पेड़, झाड़ियाँ, ऐनक, सूट, प्लेट, खुश, अच्छा

